हिन्दी सप्ताह समारोह – 2012

संस्थान में दिनांक 07.09.2012 को प्रातः 10 बजे हर्षोल्लास के साथ हिन्दी सप्ताह की शुभारंभ की गई। डॉ. राजीब कुमार बोरा, वैज्ञानिक 'ई', समूह समन्वयक (अनु.) की अध्यक्षता में आयोजित उद्घाटन समारोह में संस्थान के सभी वैज्ञानिक, अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थें। सभा की शुरुआत पारंपरिक तरीके से समूह समन्वयक (अनु.) महोदय के करकमलों द्वारा द्वीप प्रज्वलित करते हुए किया गया। सप्ताह दौरान आयोजित होने वाले प्रतियोगिताओं एवं कार्यशाला के बारे में डॉ. विकास राना, कार्यकारी हिन्दी अधिकारी ने सभा को अवगत कराया। उन्होंने सभा को व्यक्त किया कि सप्ताह दौरान निबंध लेखन, मुहावरों और लोकोक्तियों, आशुभाषण, हिन्दी कविता पाठ, क्विज़ आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी। "हिन्दी पत्राचार लेखन" पर एक कार्यशाला का भी आयोजन किया जायेगा। हिन्दी सप्ताह का समापन हिन्दी दिवस समारोह के साथ किया जायेगा। इसके बाद संस्थान में हो रहे राजभाषा संबंधी गतिविधियों का लेखा-जोखा श्री शंकर शर्मा, हिन्दी अनुवादक ने सभा के समक्ष प्रस्तुत किया। अध्यक्ष महोदय ने अपने अध्यक्षीय भाषण में उपस्थित सभी को प्रतियोगिताओं में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी लेने और हिन्दी में अपना कार्य करने के लिए प्रेरित किया। हिन्दी सप्ताह की औपचारिक उद्घाटन की घोषणा के साथ बैठक समाप्त हुई।

हिन्दी सप्ताह समारोह
7 से 14 सितंबर, 2012
वर्षा वन अनुसंधान संस्थान